# भारत-अमेरिका 2+2 अंतर-सत्रीय वार्ता

स्रोत: BS

भारत और अमेरिका ने **2+2 अंतर-सत्रीय वार्ता (व्यापक 2+2 मंत्रिस्तरीय वार्ता** की मध्य-चक्र समीक्षा) आयोजित की, जिसमें रक्षा उत्पादन को बढ़ावा देने के लिये एक **नए 10-वर्षीय रक्षा ढाँचे** को आगे बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित किया गया, साथ ही व्यापार और ऊर्जा सुरक्षा को भी मज़बूत किया गया।

- दोनों पक्षों ने अमेरिका-भारत कॉम्पैक्ट (Catalyzing Opportunities for Military Partnership, Accelerated Commerce & Technology) ढाँचे के तहत सहयोग को मज़बूत करने पर सहमति जताई और क्वाड के माध्यम से एक सुरक्षित, मज़बूत और अधिक समृद्ध इंडो-पैसिफिक के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की पुनः पुष्टि की।
  - यह इसलिए महत्त्वपूर्ण है क्योंकि **भारत 2025 क्वाड लीडर्स समिट** की मेजबानी करने वाला है, जिसमें **अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया एक मजबूत हिंद-प्रशांत क्षेत्र** के लिये अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि करेंगे।
- **2+2 मंत्रिस्तरीय वार्ता:** यह एक वार्षिक राजनयिक शिखर सम्मेलन है जिसकी शुरुआत **वर्ष 2018** में भारत और अमेरिका के बीच हुई थी। बाद में इसमें **जापान, ऑस्ट्रेलिया, रूस और यूनाइटेड किंगडम** को भी शामिल किया गया।
- भाग लेने वाले देशों के **विदेश और रक्षा मंत्रियों** की भागीदारी वाली इस वार्ता में **द्विपक्षीय संबंधों को मज़बूत करने** और **साझा सुरक्षा चिंताओं** को दूर करने पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा।

**और पढ़ें...: भारत-अमेरिका 2+2 मंत्रिस्तरीय वार्ता, भारतीय आयात पर अमेरिकी टैरिफ**

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/india-us-22-intersessional-dialogue